हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 1 अप्रैल 2024

धूमधाम से मनाया गया रंगपंचमी पर्व 11

कांग्रेसियों ने निकाली मशाल रैली 12




## खबर संक्षेप

### खरोरा में त्रिदिवसीय संत समागम का हुआ शुभारंभ

**खरोरा।** त्रिदिवसीय संत समागम, सतनाम भजन गायन, सतग्रंथ कथा वाचन, गुरु गद्दी आसन पूजा का शुभारंभ राजीव नगर सतनाम धाम नगर खरोरा से महिलाओं द्वारा सतनाम संदेश कलश यात्रा निकालकर, अखंड ज्योति प्रज्वलन गुरु गद्दी आसान पूजा स्थापना कर किया गया। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चे इस अवसर पर उत्साहित नजर आए। यह कार्यक्रम रविववार से प्रारंभ होकर तीन 3 अप्रैल तक राजीव नगर के सतनाम धाम स्थापना दिवस पर समापन होगा। आयोजन समिति प्रमुख वेदराम मनहरे ने सभी संत समाज, सतनाम भजन गायक, कथा वाचकों से ससम्मान आमंत्रित करते हुए पधारने की अपील की है।

### यादव समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**बलौदाबाजार।** रविवार को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज जिला बलौदा बाजार का होली मिलन समारोह का कार्यक्रम नया बस स्टैंड महामाया मंदिर के पास जिला झेरिया यादव समाज के भवन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एआईसीसी वार रूम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी थे। सामाजिक पदाधिकारी फत्तू लाल, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, संतोष, मुकेश बिसाहुराम, रामाधार, पिलाराम, प्रदीप, नन्नू, भगवती, मनीराम, रोहित, सुखदेव, दीपक, दुर्गा, चिन्ता, मानसिंग, जेठू, सुन्दर, अभय, राधे, संजय, शंकर, सुशील, थानवर, रामभरोसे और झेरिया यादव समाज के लोग शामिल थे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम साल्हेतराई में सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया है कि मृतका फुलबाई निषाद पति जगन्नाथ निषाद (65) ग्राम कुदारीबाहरा निवासी को किसी अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिससे महिला को गंभीर चोट आने से शासकीय अस्पताल बसना में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### चाकू लहराकर डराने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली थाना पुलिस ने चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले नाबालिग लड़के को पकड़ा है। पुलिस ने आत्मानंद हाई स्कूल के पास संजय नगर से मुकेश उर्फ मुन्ना यादव बलराम यादव (16 साल 06 माह) को लोहे का धारदार चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराने पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

### एक्सीडेंट में युवक घायल

**महासमुंद।** खल्लारी थाना अंतर्गत बागबाहरा झलप रोड़ खुसरूपाली मोड़ मंदिर के पास बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। प्रार्थी तीस कुमार साहू पिता स्व. हेमलाल साहू 40 खल्लारी ने पुलिस को बताया कि मो.सा. पल्सर क्र- सीजी-06 जीजेड-2575 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम किया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** कोमाखान थाना अंतर्गत चौखड़ी के पास एक शख्स ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलस ने बताया कि धीरेंद्र कुमार ध्रुव पिता स्व. बिसौहा राम (46) बेलर थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद ने घटनास्थल पर अज्ञात कारण से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई।

# 21 साल का युवा ठग पुलिस को लगातार 15 दिनों से दे रहा चकमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवा

सरसींवा पुलिस पिछले 15 दिन से रायकोना गांव के फरार महाठग शिवा साहू पिता टीकराम साहू की सघन खोजबीन कर रही है। सरसीवा पुलिस ने अब तक उसके पिता सहित 2 आरोपियों को ही पकड़ पाई है। मुख्य आरोपी शिवा साहू सहित उसके कई प्रमुख सहयोगी अब तक फरार है। वहीं सरसीवा पुलिस ने शिवा की एक स्कॉर्पियो वाहन जुनवानी गांव से बरामद किया है। इस तरह लगभग उसके सभी प्रमुख वाहन को जप्त कर लिया गया है।

■ अफवाह फैल रही फरार शिवा तहखाने में छुपा

## रायकोना का फरार महाठग शिवा की एक चार पहिया वाहन सरसीवा पुलिस ने की जप्त

### पुलिस के हाथ नहीं कोई सुराग

इससे पुलिस को लगे कि शिवा का लोकेशन 400 किमी दूर बता रहा। कुछ भी कहें लेकिन 23 साल के इस शिवा ने सरसीवा पुलिस को चकमा देने में कोई कसर नहीं छोडा है। इस मामले को पुलिस विभाग के 23 साल के अनुभवी आला अधिकारी देख रहे हैं, फिर भी शिवा अब तक फरार है। जो पुलिस विभाग के कार्यों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। यह मामला हाई प्रोफाइल बन गया है।



### शिवा ने तानी थी पिस्टल

होली पर्व पर किसी बात को लेकर शिवा और उसके एक साथी ने उसके ही गांव के युवक पर पिस्टल की नोंक पर जान से मारने की धमकी दी है जिसकी रिपोर्ट भी थाना सरसीवा में कि गई है। शिवा का रायकोना गांव में अचानक आकर यह कृत्य कर जाना और गायब हो जाना गले से नीचे नहीं उतर रहा है। इससे जाहिर होता है कि शिवा यहीं ▶▶ शेष पेज 11 पर

### क्या तहखाने में छिपा है शिवा

इस बीच आम चर्चा है कि शिवा अपने ही घर के तहखाने में छुपा हुआ है जो पुलिस के लिए जांच का विषय बन गया है। पुलिस जिस तरह से सायबर सेल की मदद से शिवा की सघन खोजबीन कर रही है और उसका कोई सुराग तक नहीं मिल रहा है। इससे लगता है कि वाकई में शिवा अपने घर के तहखाने में छुपा हुआ हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक जिनके पास करोड़ों की संपत्ति होती है वह निश्चित ही तहखाने बनाकर ऐसा छुप सकता है और पुलिस को चकमा देने और पुलिस को भटकाने की मकसद से अपने मोबाइल को किसी उसके अन्य निजी व्यक्ति को देकर किसी लोकेशन में जाकर ऑन-ऑफ कर सकता है।

## अपराध : गिरोह का सरगना साथियों के साथ हुआ गायब

# झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 25 लाख ऐंठे, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा भयादोहन कर, झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए लाखों रुपए की वसूली करने वाले आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। इधर पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही गिरोह का सरगना अपने साथियों के साथ फरार हो गया है। जिनकी पुलिस लगातार पतासाजी कर रही है।

पुलिस की 5 टीम कर रही आरोपियों की तलाश

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्य सरगना मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, शिरीष पांडे, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था तथा षड़यंत्रपूर्वक वीडियो बनाया जाता था। इसके बाद बिना कोई अपराध किये, उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर, दबावपूर्वक, अपराधिक षड्यंत्र करते हुए, मोटी रकम उगाही की जाती थी।



मामले में सर्च वारंट जारी कर संदेहियों के निवास एवं अन्य ठिकानों में सर्च अभियान जारी है। मुख्य सरगना दुर्गा टंडन, मोंटी उर्फ प्रत्युष मरैया, शिरीष पांडे अभी फरार है। दुर्गा टंडन के घर के बाहर पुलिस बल लगा दिया गया है । प्रकरण के सरगना की पता तलाश के लिए पुलिस की 05 स्पेशल टीम का बनाकर लगातार पतासाजी किया जा रहा है। अभी तक की जांच विवेचना कार्यवाही में आरोपियों द्वारा 02 पीड़ितों से भयादोहन कर लगभग 25 लाख रुपए की वसूली किए जाने का मामला सामने आया है।

## रेलवे साइड में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने तथा अपराध की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय कुमार झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने देवरी रेलवे साइड में लोहे के खंभे काटकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी प्रमोद कुमार पटवा निवासी विनायकम कालोनी रायपुर रोड की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। प्रार्थी सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी करता है। 29 मार्च की रात साइड इंचार्ज निजामुद्दीन कुरैशी ने फोन कर बताया कि देवरी रेलवे साइड में कुछ लोग वहां



लगे लोहे के खम्भे को काट कर चोरी कर ले जा रहे है। सूचना पर प्रार्थी व साइड इंचार्ज मौके पर पहुंचे तो वहां से 5 खंभे चोरी हो चुका था तथा एक कटा हुआ खंभा पड़ा हुआ था। वहीं पास में मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 के. 0195 और एक नग सिलेंडर और लिफ्टिंग बेल्ट और कटा हुआ एलुमिनियम का तार पड़ा हुआ था। मामले की पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी डीकेश कुमार भारद्वाज पिता संतोष कुमार 21 वर्ष निवासी नया भरसेला, गोपी साहू पिता मनाराम 23 वर्ष निवासी नया भरसेला को पकड़ा गया। आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। वहीं उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया है।

# 30 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

मुखबीर की सूचना पर ग्राम नगरदा एवं लुकापारा में पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए महुआ शराब नाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

■ ग्राम नगरदा व लुकापारा में पुलिस की छापामार कार्यवाही

थाना प्रभारी उप निरी. शिवकुमार धारी की नेतृत्व में गांव में पहुंची टीम ने ग्राम नगरदा एवं



लुकापारा में आरोपी विजय पिता मंजीत चेलक 34 वर्ष ग्राम नगरदा थाना बिलाईगढ़ के कब्जे से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं आरोपी लखन पिता विशंभर रात्रे 50 वर्ष ग्राम लुकापारा थाना बिलाईगढ़ के कब्जे से 17 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त किया है।

### बाइक से शराब तस्करी कर रहे दो युवक गिरफ्तार

**भाटापारा।** भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने सिंगारपुर मुख्य मार्ग मंदिर मोड़ के पास बाइक से शराब तस्करी कर रहे दो युवकों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 144 पौवा देशी मदिरा अनुमानित कीमत करीब 16 हजार रुपए बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। अभियान सृजन के तहत पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना के आधार पर ग्राम सिंगारपुर मुख्य मार्ग मंदिर मोड़ के पास बाइक सवार दो आरोपी को पकड़ा गया।



आरोपी बाइक से 144 पौवा देशी मदिरा शराब अनुमानित कीमत करीब 16 हजार को अवैध रुप से बेचने जा रहे थे। उक्त कार्रवाई में प्रआर0 गिरीश टंडन, आरक्षक गौरीशंकर कश्यप, अजय साहू, इकु पटेल का सराहनीय योगदान रहा। घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल हीरो स्पलेंडर क्रमाक CG 22 T 6138 को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# सेना के जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा गृहग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड कसडोल के ग्राम बगार निवासी सेना के जवान छन्नू लाल यादव पिता हरीश चंद यादव 38 वर्ष का पार्थिव शरीर सेना द्वारा गृहग्राम लाया गया। मृतक जवान कैंसर की बीमारी से काफी समय से जूझ रहा था। वहीं मृतक का ईलाज काफी समय से पंजाब के चंडीमंदिर हॉस्पिटल में चल रहा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जवान भारतीय सेना ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई, श्रद्धांजलि देने उमड़ी भीड़






# ग्राम मुसवथोड़ी में रेत का अवैध उत्खनन, पांच ट्रैक्टर ट्रालियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अवैध उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही किए जाने के बावजूद अवैध खनन में लिप्त खनिज माफिया के हौसले बुलंद हैं। रविवार को खनिज विभाग के द्वारा शिवनाथ नदी से ग्राम मुसवथोड़ी में अवैध रूप से रेत उत्खनन कर दुलाई करते मिले पांच ट्रैक्टर ट्रालियों को जप्त कर पुलिस अभीरक्षा में करही बाजार पुलिस चौकी के सुपुर्द किया गया है। इसी तरह जिला मुख्यालय



से लगे ग्राम चरोटी में मिट्टी का अवैध तरीके से उत्खनन कर ईट का निर्माण करने वाले तीन ईटा भट्ठा संचालकों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की जानकारी खनिज इंस्पेक्टर श्री भक्त के द्वारा दी गई है।


## पुलिस के पास ऐसे किराएदारों की पुख्ता जानकारी नहीं

# कबाड़ में बिक रहा चोरी का सामान, व्यापारी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर के साथ ही आसपास के इलाकों में लगातार हो रही चोरी की वारदात के बाद भी पुलिस की नींद नहीं टूट रही है। वहीं लगातार हो रही चोरियों से आमनागिरकों के साथ ही व्यापारी वर्ग भी बेहाल है। सवाल उठता है कि लगातार हो रही चोरियों का सामान कहां जा रहा है और कहां बिक रहा है?

भाटापारा क्षेत्र में कई उद्योग संचालित होता है, लिहाजा यहां रोजाना बाहरी लोगों का भी आना-जाना रहता है। इसके अलावा काम-धंधे की तलाश में भी बड़ी संख्या में लोग यहां आकर रहते हैं। मगर पुलिस के पास ऐसे किराएदारों की पुख्ता जानकारी नहीं होती। इसके




अलावा पुलिस इस गंभीर बिंदु पर कभी कोई औचक जांच करती है। क्षेत्र में कबाड़ का धंधा करने वाले लोगों द्वारा खरीदी-बिक्री का भी कोई रिकार्ड नहीं होता और न ही पुलिस अथवा प्रशासन इस पर जांच करती है। विगत कुछ माह में हटरी बाजार से लेकर मंडी क्षेत्र में चोरी की बड़ी घटनाएं हो चुकी है।

### करेंगे सहयोग

यदिपुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्य योजना बनाकर कार्रवाई की जाती है तब चोरी जैसे अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। भाटापारा क्षेत्र के अधिकांश उद्योग खोखली एवं सूरजपुरा में स्थापित है। पुलिस प्रशासन यदि इन क्षेत्रों में गश्त बढ़ाती है तो निश्चय ही चोरी पर लगाम लगाया जा सकता है। व्यापारी वर्ग प्रशासन का हर संभव सहयोग करेगा।

-कमलेश कुकरेजा
प्रदेश अध्यक्ष
पोहा मुरमुरा निर्माता महासंघ

### व्यापारी, मिलर्स परेशान

भाटापारा एक औद्योगिक क्षेत्र है यहां बड़ी संख्या में उद्योग स्थापित है।इसी तरह व्यापारिक क्षेत्र होने के कारण बड़ी संख्या में प्रतिदिन लोगों का आना-जाना लगा रहता है। विगत कुछ महीनों से भाटापारा क्षेत्र चोरों के लिए आसार टॉरगेट बना हुआ है। दुकानों और मिलों से सामान चोरी कर चोर सामान लोकल कबाड़ियों को ही कम दामों में बेच देते हैं। भाटापारा के आसपास लगभग दो दर्जन से अधिक कॉलोनी हैं। आसपास के क्षेत्र में होने वाली चोरी का अधिकांश माल कबाड़ियों के यहां खुलेआम बिक रहा है। इस बात से नकारा नहीं जा सकता कि पुलिस प्रशासन को इसकी खबर नहीं है।

### सोशल मीडिया बना मददगार गुम बालक को परिजन मिले

**भाटापारा।** सूरजपुरा रोड भाटापारा के पास से गुम हुए एक बालक को पुलिस ने उसके परिजनों के हवाले किया है। गुम बालक को थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा संरक्षण में लेकर अपने पास रखा था। सोशल मीडिया पर उक्त बालक की तस्वीर और डिटेल पोस्ट कर लोगों से बालक के परिजनों की खोजबीन में मदद की अपील की गई थी। इसी दौरान एक व्यक्ति थाना पहुंचा तथा स्वयं का परिचय देते हुए नरोत्तम कुर्रे पिता जीवनलाल कुर्रे 35 वर्ष निवासी गुरुनानक वार्ड भाटापारा बताया उक्त व्यक्ति ने स्वयं को बालक लक्ष्मण कुर्रे का पिता बताते हुए जानकारी दी कि 7 वर्षीय बालक बोल नहीं पाता। बच्चे की तलाश कर रहे थे, इसी दौरान सोशल मीडिया पर उसके पुलिस संरक्षण में होने की जानकारी मिलते ही बालक को लेने पहुंचे हैं।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### डस्टबिन नहीं रखने पर वसूला जुर्माना

**रायपुर।** दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने और ठेले-गुमटियों का कचरा सड़क पर फैलाने वालों से निगम अमले ने जुर्माना वसूला। शनिवार को जोन-8 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गणपत चौक हीरापुर और टाटीबंध के बाजार क्षेत्र में 11 ठेला-गुमटियों में कचरा फैलाने, डस्टबिन नहीं रखने पर 2300 रुपए जुर्माना वसूला। बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने और स्वच्छता बनाए रखकर दुकान का सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को देने की समझाइश दी गई।

### उत्कल सांस्कृतिक परिषद के कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यपाल और सीएम

**रायपुर।** उत्कल सांस्कृतिक परिषद द्वारा 1 अप्रैल को ओडिशा राज्य का 89वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा।



यह कार्यक्रम शासकीय स्कूल छोटापारा में होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक दलों द्वारा उड़िया गीत, भजन, ओडिसी नृत्य, संबलपुरी नृत्य सहित कई प्रकार के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। यह कार्यक्रम विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में होगा। विधायक श्री मिश्रा द्वारा गठित सर्व ओडिसा समाज एवं उत्कल सांस्कृतिक परिषद के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन मुख्य अतिथि होंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के रायपुर, रायगढ़, जगदलपुर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सारंगढ़, सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी, महासमुंद, गरियाबंद, भिलाई, दुर्ग के अलावा जशपुर, कुनकुरी, लैलूंगा, तानाखार, पुसौर, सरिया, बरमकेला, सरगुजा, बिलासपुर में बड़ी संख्या में उड़िया समाजजन निवासरत हैं।

### मेडिकल कॉलेज में महासम्मेलन आज

**रायपुर।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा मेडिकल कॉलेज ऑडोटोरियम में 31 मार्च को चिकित्सकों और चिकित्सा क्षेत्र से संबंधितजनों का महासम्मेलन आयोजित है। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों की समस्याओं जैसे नर्सिंग होम एक्ट, आयुष्मान योजना, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, ग्रामीण चिकित्सक व अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, संगठन के पदाधिकारी तथा अन्य नेताओं को अवगत कराया जाएगा।

### सकरी के ग्रामीणों ने मनाया होली मिलन

**रायपुर।** राजधानी से लगे हुए ग्राम सकरी में विगत दिनों होली पर्व के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों सहित आसपास के लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली खेली। साथ ही मिठाई का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामवासियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच संतराम नारंग, मोहित जांगड़े, छनू मनहरे, धर्मेंद्र गिरी, केवल बरले, रामरतन मनहरे, आदि शामिल थे।

# सोने ने पकड़ी ऐसी रफ्तार, एक माह में पांच हजार और डेढ़ साल में 20 हजार बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की कीमत ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि सराफा कारोबारी भी हैरान हैं। पहली बार महज डेढ़ साल में ही कीमत 20 हजार रुपए बढ़ गई है। इसमें मार्च का माह ऐसा है जिसमें कीमत करीब पांच हजार बढ़ी है। पहले कभी एक माह में इतनी कीमत नहीं बढ़ी। इसके पहले की बात करें, तो 20 हजार रुपए कीमत बढ़ने में चार साल लग गए थे। कुल मिलाकर साढ़े पांच साल में कीमत 40 हजार रुपए बढ़ी है। जो सोना जनवरी 2018 में 30200 रुपए था, वह इस समय 70400 रुपए हो गया है। इतनी तेजी से पहले कभी कीमत नहीं बढ़ी है। सोने की कीमत के तेवर देखकर निवेश करने वाले इसमें ज्यादा निवेश कर रहे हैं। वैसे भी सोना निवेशकों की पहली पसंद है, क्योंकि वह बाकी निवेश के मुकाबले ज्यादा रिटर्न भी देने का काम करता है। देश के साथ प्रदेशभर में निवेश की बात करें, तो निवेश के लिए ज्यादातर लोग सोने को ही ज्यादा बेहतर मानते हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि सोने की कीमत पिछले कुछ सालों से लगातार आसमान पर जा रही है। ऐसा बहुत कम होता है कि कीमत में कमी आती है। ताजा उदाहरण ही ले लें। सोना पहली बार बीते साल मई में रिकॉर्ड 63 हजार के करीब पहुंच गया था। इसके बाद इसकी कीमत ने दीपावली से पहले 63 हजार को पार करके 63700 तक का सफर तय किया। इसके बाद कीमत कुछ कम हुई, लेकिन फिर कीमत से ऐसी रफ्तार पकड़ी कि अब तो कीमत आसमान पर चली गई है।

### डेढ़ साल में 20 हजार बढ़े दाम

2022 में धनतेरस और पुष्य नक्षत्र और दीपावली के समय राजधानी रायपुर में सोने की कीमत 50200 रुपए थी, जो इस समय 70400 हो गई है। यानी कीमत में 20200 रुपए का इजाफा हुआ। इसके पहले कभी कीमत इतनी नहीं बढ़ी। इसके पहले 20 हजार तक कीमत बढ़ने की बात करें, तो कीमत को 20 हजार बढ़ने में चार साल का समय लग गया था। 2018 में कीमत 30200 रुपए थी। यह कीमत 2022 में जाकर 50 हजार के पार हुई। इस साल ज्यादातर समय सोने की कीमत 50 हजार के आसपास ही रही।

### साढ़े पांच साल में कीमत 30200 से हो गई 70400



### ब्याज घटाने के ऐलान का असर

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक सोने का भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। भाव बढ़ने का मुख्य कारण अमेरिका की आर्थिक स्थिति का मजबूत होना और महंगाई कम होकर नियंत्रण में होना है। अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा आने वाली तिमाही में ब्याज दर कम करने का ऐलान किया गया है। इस ऐलान के बाद निवेशकों ने अपना सारा पैसा सोने की खरीदी में लगा दिया है। ब्याज कम होने पर बाजार पर और असर होगा।

### एक माह में बढ़ी पांच हजार कीमत

देश में सोना पहली बार बीते साल 60 हजारी हुआ और इसके बाद सोना 63 हजारी की राह पर चला और अंत में धनतेरस के समय यह 63 हजार के भी पार हो गया। बीते साल के अंत में सोना 65 हजार रहा। नए साल में भी सोने की कीमत 65 हजार के पार रही। लेकिन फरवरी में कीमत कुछ कम हो गई। एक मार्च को कीमत 64650 रुपए थी। लेकिन इसके बाद कीमत ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि एक माह में ही कीमत पांच हजार रुपए बढ़ गई।

## शराब-कोयला घोटाला और सट्टा से जुड़े आरोपियों से दूसरे दिन भी जेल में चली लंबी पूछताछ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसीबी की टीम शनिवार को भी शराब, कोयला घोटाला और महादेव सट्टा एप के मामले में जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करने पहुंची। पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी टीम सुबह से देर रात तक आरोपियों से पूछताछ करती रही। सूत्रों के अनुसार एसीबी की टीम ने दूसरे दिन आरोपियों के पहले दिन दिए बयानों को टटोलने के लिए दोबारा उनसे पुराने सवाल किए। इन सवालों में कितने आरोपियों के बयान में अंतर है, इसकी जांच करते हुए एसीबी ने दूसरे सवाल भी किए। सूत्रों का यह भी कहना है कि एसीबी ने निलंबित आईएएस समीर विश्नोई और सूर्यकांत तिवारी से भी कई घंटे तक सवाल जवाब किए।

विशेष अदालत से मिली अनुमति के बाद एसीबी के आधा दर्जन अफसरों की टीम दूसरे दिन भी सुबह दस बजे जेल पहुंची। टीम ने पहले दिन करीब 10 घंटे तक जेल में आरोपियों से पूछताछ की थी, वहीं दूसरे दिन पूछताछ सुबह 10 बजे से रात करीब 9 बजे तक चली। सूत्रों के अनुसार दूसरे दिन भी असीम दास, भीम यादव और सतीश चंद्राकर के साथ कोयला घोटाला के आरोपी समीर विश्नोई, सूर्यकांत तिवारी, शिवशंकर नाग सहित कुछ अन्य लोगों से पूछताछ की गई है। एसीबी को पूछताछ के लिए 2 अप्रैल तक का समय दिया गया है। इस तरह टीम रविवार को भी पूछताछ करने जा सकती है।

## एक अप्रैल से रजिस्ट्री में नहीं मिलेगी 30 प्रतिशत की छूट

# बढ़ी कीमत पर रजिस्ट्री कराना नहीं चाहते, इसलिए अंतिम दिनों में पंजीयन दफ्तरों में टूट पड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पंजीयन दफ्तर में शनिवार की छुट्टी के दिन भी रजिस्ट्री कराने वालों की भारी भीड़ लगी रही। एक अप्रैल से राज्य में रजिस्ट्री कराने में मिल रही 30 प्रतिशत की छूट खत्म होने जा रही है। पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में मिल रही इस छूट को आगे बढ़ाने के लिए वर्तमान सरकार ने अब तक कोई घोषणा या आदेश जारी नहीं किया है। इसे देखते हुए प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री करने वाले मार्च के अंतिम दिनों में भी छूट का फायदा उठाना चाहते हैं, क्योंकि आगामी महीने से रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा।

### अब स्टाम्प ड्यूटी ज्यादा लगेगी

कलेक्टर गाइडलाइन में 30 प्रतिशत की छूट के बाद अब जमीन की खरीदी-बिक्री करने वाले दोनों को महंगा पड़ेगा। 30 प्रतिशत की छूट में एक लाख की जमीन का 70 हजार ही स्टाम्प ड्यूटी देनी पड़ता थी, लेकिन छूट खत्म होने के बाद एक लाख की जमीन का स्टाम्प भी एक लाख ही लगेगा।

### कल से नहीं मिलेगी छूट

रजिस्ट्री के दौरान स्टाम्प पर मिलने वाला 30 प्रतिशत छूट की समय सीमा 31 मार्च 2024 को समाप्त हो रहा है। एक अप्रैल से पहले की तरह प्रॉपर्टी रजिस्ट्री पर पूरा शुल्क लगेगा। रविवार को भी पंजीयन दफ्तर खुला रहेगा।

- **आशुतोष कौशिक**, जिला पंजीयक रायपुर

### एक दिन में 77 की जगह 100 अप्वाइमेंट

पंजीयन कार्यालय में एक दिन में उप पंजीयक कोर्ट में 77 अपाइंटमेंट लिए जाते थे, लेकिन क्लोजिंग महीना होने के कारण 31 मार्च तक अपाइनमेंट 77 की जगह 100 कर दिया गया है। इस तरह प्रत्येक उप पंजीयक कोर्ट में एक दिन में 100 लोग जमीन की रजिस्ट्री के लिए अपवाइनमेंट ले सकते हैं। अपाइनमेंट की संख्या जरूर बढ़ाई गई है, लेकिन पंजीयन दफ्तर के किसी भी उप पंजीयक कोर्ट में चालू माह में 80 से ऊपर अपाइनमेंट नहीं गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मार्च महीने में दफ्तर भी 2 घंटे अधिक समय तक खोला जा रहा है, लेकिन अप्वाइमेंट में ज्यादा फर्क नहीं आया है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी 70 से 75 के बीच ही अपाइनमेंट लिए जा रहे हैं। विदित हो कि वर्ष 2019 में कांग्रेस सरकार ने कलेक्टर गाइडलाइन में 30 प्रतिशत घटाई थी। इससे जमीन को खरीदने के बाद रजिस्ट्री कराने में स्टाम्प ड्यूटी में 30 प्रतिशत की छूट मिलती थी। इस छूट से जमीन की खरीदी-बिक्री करने वाले दोनों को फायदा होता था। हालांकि सरकार ने पंजीयन शुल्क में 4 फीसदी वृद्धि कर दी थी, जिससे 7.05 की जगह पंजीयन शुल्क 10.25 फीसदी हो गया था। इससे विभाग को भी फायदा हो रहा था। पंजीयन शुल्क बढ़ने से राजस्व भी ज्यादा मिलने रहा था।

## बारिश पूर्व बड़े नालों की सफाई कराने में जुटा निगम, आधा दर्जन नालों की कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश से पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई कराने में निगम अमला जुट गया है। गंदे पानी के सुगम निकास को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त ने जोनवार नाला सफाई अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत शनिवार को शहर के आधा दर्जन बड़े नालों की सफाई कराई गई। वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के पास बड़े नाला की सफाई कराने 15 सफाई कामगार उतारे गये। उन्होंने नाला साफ कर 3 डंपर कचरा बाहर निकाला। राजधानी में बड़े नालों की सफाई करवाने 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों को जिम्मेदारी दी गई है। जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 15 सफाई कामगारों की टीम भेजकर वीआईपी रोड में श्रीराम मन्दिर पास बड़े नाले की सफाई करवाई। इस दौरान नाले में जमा कचरा बाहर निकालकर गंदे पानी की निकासी को सुगम बनाने का कार्य किया गया। नाले की मेनुअल सफाई का स्थल निरीक्षण जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में किया।



### इन इलाकों में भी नाला सफाई

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के मौदहापारा इलाके के बड़े नाला की सफाई कराने शनिवार को निगम अमला जुटा। इसके साथ ही काठाडीह, राज टाकीज के समीप बड़ा नाला, कोयला बस्ती नाला, रेलवे पटरी नाला सहित राजातालाब क्षेत्र स्थित अरमान नाला की सफाई कराई गई।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया रंगपंचमी महोत्सव

रायपुर। सर्व ब्राह्मण समाज महादेवघाट तथा अम्लेश्वर परिक्षेत्र द्वारा रंगपंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम अम्लेश्वर स्थित इस्कॉन सभागार में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने भगवान परशुराम की तस्वीर की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मोहित शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा ग्रुप के फाग एवं भजन माला, ढोल, तबला व नगाड़ा के साथ खूब धूम मचाई। साथ ही पर्ची में लिखे अनुसार गीत, गजल, संस्मरण, कविता, जोक्स की प्रस्तुति ने खूब हास्य परिहास का वातावरण निर्मित किया।



कार्यक्रम में रत्ना शर्मा, गोपाल शर्मा, गणेश शर्मा, सुनील शर्मा, शिखा शर्मा, वीणा तिवारी, अंजनी तिवारी, नीतू शर्मा, कविता शर्मा, रश्मि दीवान, सोनिया शर्मा, शिवम शर्मा, रंजना तिवारी, रीता तिवारी, ममता पांडे, पुष्पा पांडे, ज्योति शर्मा, शशि पांडे, वैजयंती तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## पार्किंग विवाद पर कार चालकों का एयरपोर्ट पर हंगामा, तोड़फोड़ भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पार्किंग शुल्क के विवाद पर बीएमडब्लू (कार) सवार लोगों ने विमानतल के पार्किंग एग्जिट गेट पर जमकर हंगामा मचाया। तैनात कर्मचारियों के साथ मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की, मगर अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। हंगामे का वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें आरोपी स्पष्ट नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार घटना चार दिन पुरानी है और इस मामले में तीन दिन पहले माना थाने में कार सवार अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़, गाली गलौज का अपराध दर्ज किया गया है, मगर पुलिस अब तक आरोपियों की पहचान करने में सफल नहीं हो पाई है। एयरपोर्ट के पार्किंग एग्जिट गेट पर ड्यूटी करने वाले श्याम




तिवारी ने अपनी शिकायत में बताया था कि 26 मार्च की रात सीजी07 बीएस 6013 पर सवार लोगों ने पार्किंग शुल्क नहीं देने के विवाद पर जमकर हंगामा किया था। उन्होंने तैनात कर्मचारियों से मारपीट की और एग्जिट गेट पर लगे सामान को तोड़ भी दिया। इस मामले में पार्किंग एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा घटना का फूटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराया है, मगर अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

### विवाद खत्म करने फास्ट टैग

एयरपोर्ट पर पार्किंग शुल्क को लेकर पहले अक्सर विवाद की स्थिति बनती रहती थी। वाहन चालकों द्वारा ठेका एजेंसी पर ज्यादा शुल्क लेने का आरोप लगाया जाता था। इस तरह के विवाद को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से शुल्क का निर्धारण करने के साथ पार्किंग में भुगतान के लिए फास्ट टैग सिस्टम लागू किया गया था। इसके बाद ज्यादा पैसे वसूलने की शिकायत बंद हो गई थी।

### सिकंदराबाद होली स्पेशल ने 13 घंटे कराया इंतजार, ट्रेन में पेंट्रीकार की नहीं मिली सुविधा, भूखे पेट किया सफर

**रायपुर।** ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों को इन दिनों बेहद परेशान कर दिया है। शुक्रवार सुबह आने वाली दरभंगा-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 13 घंटे लेट से रात 10 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंची। यहां एक घंटे 32 मिनट तक प्लेटफार्म पर खड़ी रही। रात 11.42 बजे ट्रेन बिलासपुर से रवाना हुई और दो घंटे में रायपुर पहुंची। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों का बुरा हाल रहा। रेलवे त्योहार पर होली स्पेशल ट्रेन चला रहा है। एक ट्रेन 07222 दरभंगा-सिकंदराबाद के बीच चलाई जा रही है। 2000 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के बीच रेलवे ने 28 स्टॉपेज दिए हैं, लेकिन इनके बीच की दूरी अधिक होने और ट्रेन में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं होने से सफर में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन गुरुवार को दरभंगा से सिकंदराबाद के लिए रवाना हुई, लेकिन लाइन क्लीयर नहीं होने के कारण ट्रेन अलग-अलग स्टेशनों से पहले आउटर में काफी देर तक खड़ी रही।

## जिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा धरसींवा विधानसभा के सकरी में, भाजपा द्वारा आयकर विभाग के माध्यम से कांग्रेस को 1823 करोड़ की पेनाल्टी भेजने के विरोध में शनिवार को रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही हाथ में तख्ती लेकर भाजपा के विरुद्ध नारेबाजी कर आक्रोश प्रकट किया। यह विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, भावेश बघेल, पप्पू राजेंद्र बंजारे,जयंत साहू, संतराम नारंग, भागवत लहरी, जागेश्वर कुर्रे, भीखू वर्मा, सुभाष कोशले, मनहरण वर्मा, संत सोनवानी सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### महिला संगठनों को विकास ने महालक्ष्मी गारंटी का भराया फार्म

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने शनिवार को धरसींवां और अभनपुर विधानसभा का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न समाजों एवं महिला समूहों के साथ आम जनता से मुलाकात की। धरसींवां विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सिलियरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक की। ग्राम सकरी में महिला समूहों को कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय गारंटी के बारे में बताया। गारंटी योजना का फॉर्म भी भराया।

## छोटे नोटों की आपूर्ति में कमी को लेकर रिजर्व बैंक गवर्नर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सभी प्रकार के व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों को छोटे वर्ग के नोटों की किल्लत से इन दिनों जूझना पड़ रहा है। इसकी आपूर्ति सुगम करने को लेकर रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने रिजर्व बैंक के गर्वनर को एक पत्र लिखकर जल्द ही इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

- राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में कारोबारी परेशानी में

श्री मालू ने रिजर्व बैंक गर्वनर मुंबई को लिखे अपने पत्र में इस बात का भी ध्यानाकर्षण कराया है कि जब छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य में रिजर्व बैंक ने राजधानी रायपुर में अपना क्षेत्रीय कार्यालय शुरू किया था तब सभी लोगों को प्रसन्नता हुई थी कि बैंकिंग समस्याओं को लेकर अब बार-बार मुंबई का रुख नहीं करना पड़ेगा, लेकिन इसका समुचित लाभ नहीं मिल पाया। उद्योग-व्यापार के दृष्टिकोण से विकसित राज्य छत्तीसगढ़ में इन दिनों 10 एवं 20 रुपए के छोटे नोटों की किल्लत बनी हुई है। इससे छोटे कारोबारियों एवं आम ग्राहकों को बहुत कठिनाई हो रही है। ऐसे में छोटे वर्ग के नोटों की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा 2,000 का नोट बंद होने के बाद सभी कारोबारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विकल्प के तौर पर 1000 का नोट चलन में लाया जाना चाहिए। चूंकि बाजार में नगदी के समुचित प्रवाह की जिम्मेदारी भारतीय रिजर्व बैंक की है।

### बैंकों में अव्यस्था को किया जाए ठीक

श्री मालू ने व्यवहारिक दिक्कत को लेकर भी रिजर्व बैंक गर्वनर को अवगत कराया है कि लगभग सभी शाखाओं में बैंको ने गार्ड की नियुक्ति कर रखी है, किन्तु बैंक में भोजन अवकाश के समय उन गार्डों द्वारा गेट पर ताला लगा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त शाम को भी बैंक की समयावधि के पूर्व 4 बजे बैंक का मुख्यद्धार बंद कर दिया आता है, जबकि ऐसा कोई नियम हमारी जानकारी में नहीं है। इससे आमजनता को एवं व्यवसायियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि पासबुक में प्रविष्ठियों का लिखा जाना, विभिन्न चालानों की प्रतियों का संग्रहण एवं आरटीजीएस के एकनालेजमेंट को प्राप्त करना, केवाईसी को अपडेट के लिए शाम को ही ग्राहकों को बैंक द्वारा बुलाया जाता है और उस समय बैंक के मुख्यद्धार पर ताला लगे होने के कारण आम जनता एवं व्यापारियों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ता है एवं ड्यूटीरत गार्ड का व्यवहार भी अशोभनीय रहता है। इसीलिए शाम 5.30 बजे तक बैंक में सभी के आवागमन की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

## रविवार को वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन, देर रात तक रहेगी रौनक

# करदाताओं की सुविधा के लिए देर शाम तक खुले रहे जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 10 जोन स्थित जोन दफ्तरों में करदाताओं के कर भुगतान की सुविधा के लिए शनिवार को देर शाम तक काउंटर खुले रहे। इसके कारण जोन दफ्तरों में रौनक देखने को मिली। साथ ही लोगों ने मोर रायपुर एप से घर बैठे ऑनलाइन बकाया करों का भुगतान किया। नगर निगम से अधिकृत च्वाइस सेंटर में करदाता संपत्ति कर, यूजर चार्ज, जलकर व अन्य निगम करों का भुगतान करने पहुंचते रहे। नगर निगम प्रशासन ने इस बार करदाताओं की सुविधा के लिए 70 से अधिक च्वाइस सेंटरों को राजस्व जमा करने अधिकृत किया है। इसके साथ ही 110 राजस्व निरीक्षकों की शत-प्रतिशत संपत्ति कर जमा कराने की व्यवस्था को ध्यान में रखकर डयूटी लगाई है। उपायुक्त डॉ.



आरके डोंगरे ने बताया, 31 मार्च तक करदाता बिना पेनाल्टी के प्रापर्टी टैक्स जमा करा सकता है। आचार संहिता की वजह से इस बार संपत्ति कर जमा कराने की अंतिम तिथि आगे बढ़ाने की संभावना कम है।

### 275 करोड़ के राजस्व की उम्मीद

निगम ने इस साल 250 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा, जिसमें संपत्ति कर, यूजर चार्ज, समेकित कर के साथ दुकानों से मिलने वाला किराया शामिल है। शुक्रवार तक 260 करोड़ की रिकार्ड राजस्व वसूली हुई, जबकि साल 2023 में 222 करोड़ राजस्व वसूली के रूप में नगर निगम को मिल पाये थे। विभाग के अधिकारियों का कहना है, शनिवार और रविवार को मिलाकर इस बार 275 करोड़ तक राजस्व वसूली की उम्मीद है।

### 3 दिनों से रोजाना औसतन 4.5 करोड़ की वसूली

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के 10 जोन से औसतन 4.5 करोड़ की राजस्व वसूली करदाताओं से पॉश मशीन के माध्यम से हो रही है। नगर निगम जोन 10 को इस बार 23 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट दिया गया। जोन के राजस्व अमले ने शनिवार तक 24.5 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली कर लक्ष्य से डेढ़ करोड़ की ज्यादा वसूली कर दिखाई है। इसी तरह जोन 8 में रिकार्ड राजस्व वसूली दर्ज की गई।

**खबर संक्षेप**



## महिला समूह ने बच्चों को दिया न्योता भोज

**लवन।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सरखोर में महिला स्व–सहायता समूह के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को चांवल, दाल, सब्जी, पापड़ के अलावा सलाद, केला, अंगूर दिया गया। स्व–सहायता समूह के अलावा ईश्वर पटेल, भागचंद पटेल, मलेच्छराम यादव, गीताराम कुर्रे शिवप्रसाद साहू, मोतीलाल पटेल, निकराम पटेल सभी शिक्षक, शिक्षिका, प्रहलाद साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, त्रिलोक ध्रुव, मनोज कुमार साहू, विनोद कुमार वर्मा, नुकेश कुमार वर्मा, सुरेश सिंह कंवर, प्रियंका ध्रुव, कस्तुरी वर्मा, गिरधर कोसरेसंतोष कुर्रे,अमित कुमार रात्रे आदि सम्मिलित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

- बच्चों ने चांवल, दाल, सब्जी, पापड के साथ केला अंगूर का लिया मजा

### वोटर हेल्पलाइन एप से करें अपडेट, नजदीकी बीएलओ से लें सलाह

# छूटे मतदाता वोटर लिस्ट में कराएं संशोधन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिले के छूटे मतदाताओं और अन्य मतदाताओं से अपील किया है कि वे आगामी एक सप्ताह में अपना वोटर आईडी बना ले और यदि वोटर आईडी में कोई गलती है तो उसका सुधार करा ले। इस कार्य के लिए वोटर हेल्पलाइन एप और अपने नजदीकी बीएलओ या तहसील कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। यह कार्य एक सप्ताह के बाद कर पाना मुश्किल है। क्योंकि ससंदीय क्षेत्र रायगढ़ अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये एवं जांजगीर चांपा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल को होगा। इसी प्रकार अब भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वाले वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले दिव्यांगजन एवं कोविड–19 के संदिग्ध अथवा मतदाता भी निर्धारित प्रारूप 12घ के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक के 5 दिवस के अंदर संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से उनके निवास गृह पर ही वोटिंग कर सकेंगे। उपरोक्त श्रेणी के अतिरिक्त सेवा मतदाताओं को इटीपीबी भेजा जाएगा जिस पर वे अपना मत रिकॉर्ड कर इसे डाक के माध्यम से प्रेषित करेंगे। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारी मतदाताओं को भी डाक मतपत्र के माध्यम से सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा विहित सुविधा केन्द्र में मतदान की पात्रता रहेगी।



**जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति:** जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चौनल, केबल टीवी चौनल, रेडियो (निजी एफएम रेडियो सहित), ई–समाचार पत्र, बल्क एस.एम.एम.,वॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर –श्य–श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी में क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे।

**'सी–विजिल':** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के आधुनिक सॉफ्टवेयर और तकनीक के बारे में बताया कि आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों के सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतें के त्वरित निराकरण के लिए आयोग द्वारा निर्मित सी–विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियों के साथ–साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक जिले में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है, तो सी–विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है।

**'सुविधा एप':** सुविधा एप्लीकेशन सुविधा डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन के माध्यम से अभ्यर्थी अपना नामांकन फॉर्म एवं शपथ पत्र ऑनलाईन भी प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने के बाद अभ्यर्थी को एक स्लॉट का चयन कर निर्धारित तिथि एवं समय पर भौतिक सत्यापन एवं नियत शुल्क भुगतान हेतु रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा। इस एप्लीकेशन का उपयोग कर रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए भी ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

**'एनजीआरएस पोर्टल':** एनजीआरएस इस पोर्टल का उपयोग मतदाता द्वारा मतदाता परिचय पत्र प्राप्त न होना, आवेदन फार्म का निराकरण न होना या आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतों को दर्ज करने के लिये किया जा सकता है।

**'सक्षम एप्प':** सक्षम एप्प से दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग द्वारा यह एप विकसित किया गया है। इस एप के माध्यम से दिव्यांगजन निर्वाचक नामावली में अपनी दिव्यांगता दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकेंगे। साथ ही मतदान दिवस में व्हीलचेयर हेतु आवेदन कर सकेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया रंगपंचमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बीते शाम नगर पंचायत पलारी में नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के सयोजकत्व में रंगपंचमी हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। लोगों ने पलास के फूलों से होली खेली। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने नगर वासियों को रंगपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए फाग गीत गाकर तथा नंगाड़े बजाकर रंगपंचमी उत्सव का आनंद उठाया। इस अवसर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही परस्पर प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का निर्माण होता है। गौरतलब है कि नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा द्वारा प्रति वर्ष होली के बाद रंग पंचमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी सहित क्षेत्रवासी और जनप्रतिनिधि शामिल होते हैं तथा एक दूसरे पर फूलों की वर्षा कर स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त कर रंगपंचमी मनाते हैं। इस अवसर पर पार्षदगण, वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी, नगर के सेवा समिति नगाड़े समिति के सदस्य सहित नगरवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## जगन्नाथ मंदिर के कुंभभराई में सम्मिलित हुए प्रखर

**सरायपाली।** जंगलबेड़ा ग्राम में ग्रामवासियों के सहयोग से जगन्नाथ के मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर कुंभभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल भी पहुंचे एवं चांदी द्रव्य धान कुंभ में अर्पण किया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समिति के सदस्य तुषार सेन, आयुष साहू, अमन ठाकुर, अभिनय शाह उपस्थित हुए।

# मोहरेंगा स्कूल में आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहरेंगा में 6-7वीं के बच्चों द्वारा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर शाला समिति के पूर्व अध्यक्ष थनवार सिन्हा ने बच्चों को गुरुजनो की बताये हुए रास्ते पर चलने हेतु प्रेरित किये। कविता निर्मलकर ने बच्चों को उच्च कक्षा व नये स्कूल में जाने हेतु अग्रिम बधाई दी। शिक्षाविद श्रीमती संध्या सिन्हा द्वारा शायराना अंदाज में बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रधानपाठक सरिता वर्मा ने बच्चों को शिक्षको द्वारा बताये हुए अच्छी बातों को ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया। शिक्षक विष्णुगिरी गोस्वामी ने कहा कि आठवीं कक्षा के बच्चों को यहां से जाने का दुख भी हो रहा है और खुशी भी। शिक्षक हेमंतकुमार चंद्राकर ने आशा व अपेक्षा में अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि आप सभी से मुझे अपेक्षा है कि आप सब अपने विद्यालय, मां बाप व गांव का नाम रोशन करेंगे। छात्र-छात्राओं की ओर से राकेश साहू, गीतांजलि व भूमिका यादव ने आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उपहार, खीर, पूड़ी, स्वादिस्ट भोजन व मीठा पेय पदार्थ वितरण किया गया।

## पेज 9 के शेष

### शिवा ने तानी ...

कहीं किसी के घर में या तहखाने में रायकोना के आसपास क्षेत्र में ही छुपा हुआ है जो दूसरे के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर पुलिस के छक्के छुड़ा रहा है। इस विषय पर सरसीवा थाना प्रभारी टी आर खटकर ने कहा कि सायबर सेल के साथ-साथ हमारी पुलिस टीम दिन-रात शिवा को पकड़ने जुटी हुई है, शिवा जल्द ही पकड़ा जाएगा।

### सेना जवान का ...

के सैनिक पद पर 2006 बैच के 655 बटालियन में भर्ती हो होकर देशसेवा कर रहा था। आपको बता दे कि मृतक जवान पंजाब के पटियाला में पोस्टेड था इधर मृतक के पार्थिव शरीर को गृहग्राम बगार लाकर सेना द्वारा ससमान श्रद्धांजलि दी गई। शव यात्रा के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण सहित पुलिस लाईन के जवान के अलावा कसडोल पुलिस मौजूद रही।

# नारायण बने ठेठवार यादव समाज के अध्यक्ष

**बलौदा बाजार।** ठेठवार यादव समाज लवन राज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम लच्छनपुर में 29 मार्च को संपन्न हुआ। जिसमें वार्षिक आय–व्यय कोषाध्यक्ष जवाहर यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। पश्चात वर्तमान सामाजिक पदाधिकारियों का समय पूर्ण होने के कारण नये पदाधिकारियों का मनोनयन करते हुए नारायण यादव अधिवक्ता को लवन राज ठेठवार यादव समाज का अध्यक्ष बनाया गया। श्री यादव के अध्यक्ष नियुक्त होने पर परमेश्वर यदु, जनकराम यादव, दिलेराम यादव, श्रीकुमार यादव, नोहर यदु, रोहित यादव, टेकराम यादव, गिरवर यादव,



अशोक यादव, गुरूदयाल यादव, भारत यादव, चन्द्रकुमार, नर्मदा प्रसाद, कैलाश, दिलहरण, छनक, कमल, नीलकंठ, मनोज, परस, रामनारायण, संतोष, शत्रुहन, गंगाराम, कुंवरसिंह, कांशी, जीतराम, जगदीश सहित सामाजिक जन हर्ष प्रकट किया है।



# विदाई समारोह में न्योता भोज का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में विदाई सह सम्मान एवं न्योता भोज का आयोजन शनिवार को रखा गया। कार्यक्रम में हलधर प्रसाद वर्मा सरपंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद वर्मा, रामनाथ वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में शामिल चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारू दास बांधे एवं शास.प्राथ.शाला कसियारा के प्रधानपाठक भागवत प्रसाद चंद्राकर द्वारा विदाई सह सम्मान एवं न्योता भोज के संबंध में प्रकाश डाला। कक्षा 4थी एवं कक्षा 7वीं के बच्चों द्वारा 5वीं एवं 8वीं कक्षा के बच्चों को सम्मान सह सामग्री भेंट किया गया। इस अवसर पर जमुना स्व सहायता समूह एवं शाला के समस्त शिक्षकों द्वारा सभी बच्चों को चावल, दाल, खीर, पूड़ी, सब्जी, सलाद, नडडा, चिप्स, केला अंगूर, जलेबी, लड्डू आदि वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू, अरुण कुमार रात्रे, लोमस कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, ज्यामिति यदु, सुनीता ध्रुव, सुकृता सेन, मनोज वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

## मलौद स्कूल के बच्चों ने उठाया न्योता भोज का मजा



खरोरा। ग्राम पुरोहित पंडित मनहरण प्रसाद शर्मा ने अपने पौत्र आदित्य व अक्षत शर्मा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्राथमिक विद्यालय मलौद में बच्चों को न्योता भोज कराया। बच्चों को तिलक कर खीर, पुड़ी, फल, मिठाई, दाल, चावल, सब्जी परोसा गया। कार्यक्रम में सरपंच भोलाराम वर्मा, शाला समिति अध्यक्ष लोकेश्वर वर्मा, शिक्षक सुखदेव साहू, प्रकाश, सत्या खुंटे, पूर्व सरपंच रुपराम केंवट, जितेन्द्र देवांगन, दीपक देवांगन, महेंद्र देवांगन पूर्व जनपद भारत रात्रे, गिरधारी सेन, जयनारायण, मालती, रामकली लहरी व अंजू वर्मा, राजकुमारी धुरंधर, रुखमणी शर्मा, रोहणी वर्मा, सावित्री, कीर्ति सेन, सकुन वर्मा, चंपा लहरी, छाया वर्मा व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अमेरा में भागवत महापुराण कथा शुरू



अमेरा। ग्राम अमेरा में मां गायत्री महिला समूह और ग्रामवासियों द्वारा संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन सड़कपारा सरस्वती चौक में किया जा रह है। कथा वाचक पं. झालेन्द्र कुंजबिहारी तिवारी ग्राम सैहा, पलारी वाले हैं। कथा 8 अप्रेल तक समय 12 बजे से 5 बजे तक चलेगा। प्रथम दिवस सेवा समिति और गांववासियों के सहयोग से बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में छोटे-छोटे बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। पहली बार है की किसी महिला समूह द्वारा इतना भव्य भागवत महापुराण कथा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के रमा वर्मा, सचिव अंजली ध्रुव, मंजू यादव, बेबी ध्रुव, जमुना यादव, केवरी वर्मा, कालेन्द्री वर्मा, खिलेश्वरी सेन, निशा पटेल, रमेश्वरी पटेल , कविता पटेल, गीता यादव एवं समस्त मोहल्लेवासियों का विशेष योगदान रहा।

### बासीन में आज से श्री रामायण समारोह

सुहेला। ग्राम बासीन में लगातार 7वें वर्ष श्री अखंड पंचदिवसीय रामचरित मानस गान, रामायण समारोह का आयोजन आज से किया जा रहा है। जिसमें देव प्रतिष्ठा, कलश स्थापना, कथा आरंभ आज से होना है। कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### चैत्र नवरात्र को लेकर हुई बैठक


महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव की नगर कुलदेवी मां शीतला मंदिर में नवविकास शीतला सेवा समिति व नगरवासियों की बैठक हुई। जिसमें आगामी चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी को लेकर अनेक प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किए गए। जिसमें नवरात्र में खर्च, बजट, आवक जावक और नवरात्र पर्व भव्य बनाने समेत कई विषयों पर चर्चा की गई। मंदिर परिसर में रंग रोगन, सफाई कार्य, लाइट साउंड सिस्टम, पूजा सामग्री की व्यवस्था, मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने के लिए रसीद का वितरण किया गया।

## तैयारी : मतदाताओं को जागरुक करने दीवारों पर नारा लेखन जारी

# वोटर हेल्पलाइन एप से स्वयं बनाएं वोटर आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए देश में चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों को पूरा करने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की है। आयोग काफी समय से देश में इलेक्शन प्रोसेस को आसान बनाने के लिए काम कर रहा है। आयोग ने कई एप और पोर्टल से चुनाव के प्रक्रिया को सभी मतदाताओं को मोबाइल में सुविधा दी है। इन्ही एप में वोटर हेल्पलाइन चुनाव से जुड़ी सभी जरूरत के लिए बहुउपयोगी है।





**मतदाता सूची में नाम :** इस एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं।

**वोटर रजिस्ट्रेशन और सुधार :** मतदाता अपना मतदाता सूची में नाम रजिस्टर्ड नहीं है तो इस ऐप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना वोटर आईडी रजिस्टर कर सकते हैं। इसके साथ ही वोटर आईडी के नाम पता में सुधार कर सकते हैं।

**वोटर स्लिप डाउनलोड :** इस ऐप से वोटिंग के लिए योग्य यूजर्स इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं।

**चुनाव से जुड़ी जानकारी :** इस ऐप पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां, रिजल्ट अपडेट और उम्मीदारों के बारे में डिटेल्स जान सकते हैं।

**मतदाता सूची में नाम कैसे खोजें :** वोटर हेल्पलाइन एप की मदद से यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं, इसके साथ ही इलेक्टोरल लिस्ट डाउनलोड भी कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम सर्च करने के लिए आपको एप के होम पेज पर दिख रहे सर्च बार पर क्लिक करना है। सर्च बार पर टैप करते ही नया पेज ओपन होगा, जहां मोबाइल नंबर, क्यूआर कोड, डिटेल्स या इपिक नंबर डालकर यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढ सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम खोजना नाम, पिता पति के नाम, जन्मतिथि उम्र, लिंग, राज्य या चुनावी क्षेत्र की जनकारी के जरिए मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं।

**इपिक से खोजें :** अगर आपके पास वोटर आई कार्ड हैं तो इपिक नंबर डालकर नाम खोज सकते हैं।

**मोबाइल नंबर :** अगर आपको मोबाइल नंबर वोटर आईडी से लिंक है तो आप अपने मोबाइल नंबर के जरिए भी मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह एप मतदाता सूची, वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म, मतदाता कार्ड में नाम पता में सुधार मॉडिफिकेशन डाउनलोड डिजिटल फोटो वोटर स्लिप, शिकायत, उम्मीदवार की डिस्प्ले, रियल टाइम इलेक्शन रिजल्ट डेटा जैसी अहम जानकारी मतदाता और नागरिक को प्रदान करता है। एप यूजर्स को इपिक कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक करने की सुविधा भी देता है।



### लोस चुनाव की तैयारियां हुईं तेज

भाटापारा। लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन प्रक्रिया में तेजी आ गई है। क्षेत्र में चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद अब सभी बूथों की निगरानी एवं व्यवस्था पर प्रशासन की पैनी नजर लगी हुई है। विधानसभा भाटापारा के अधिकांश बूथों में जो कमियां दिखाई दे रही हैं उसे प्रशासन द्वारा तत्काल दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों द्वारा दौरा किया जा रहा है। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 लोक सभा क्षेत्र क्रमांक 08 रायपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नितिन तिवारी के द्वारा शनिवार तथा रविवार को मतदान केंद्र क्रमांक 116 शासकीय प्राथमिक शाला कुमरखान, 225 शासकीय प्राथमिक शाला धनेली एवं भाटापारा शहर के मतदान केंद्र क्रमांक 150, 157, 158, 159, 170, 171, 175, 176, 177, 178, 183, 184, 185, 186, 187, 188, 189, 190, 191, 192, 193, 194 का औचक निरीक्षण करते हुए केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं यथा रैंप, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था एवं मतदान केंद्रों में पाई गई कमियों को पूरा करने विभाग प्रमुखों को सख्त निर्देश देते हुए तीन दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया।

### मत देना अपना अधिकार बदले में ना लो कोई उपहार

भटगांव। जिले के सभी मतदाताओं को जागरूक और मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर परियोजना निदेशक पंचायत सह नोडल अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान हरिशंकर चौहान के निर्देशन में जिले के गांवों शहरों के दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू द्वारा गांव-गांव में जमीनी स्तर पर आमजन को ज्यादा से ज्यादा मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये है। जिसके तहत मैदानी अमलो द्वारा विभिन्न स्वीप गतिविधियां जिले में संचालित करते हुए लोगो को जागरुक किया जा रहा है और मतदाता सामूहिक शपथ का आयोजन भी किया जा रहा है। दीवारों में नारा लिखा गया, उनमें प्रमुख रूप से है। सोच समझकर बटन दबाना, बहकावे में कभी ना आना। वोटर लिस्ट में नाम लिखायें, ईपिक कार्ड सभी बनवाएं। मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लो उपहार। एक वोट से होती है जीत-हार, वोट न कोई बेकार॥



### ईश्वर के अलावा कोई दूसरा शुभचिंतक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

संतान के लिए भगवान के अलावा दूसरा कोई शुभचिंतक नहीं हो सकता। उक्त बातें जनपद पंचायत मैदान में युवा आस्था मंच द्वारा आयोजित श्री राम कथा के पांचवे दिन पांडातराई कवर्धा से पधारे आचार्य सागर मिश्रा जी महराज ने कही।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कहीं भी जाते समय छोटा बच्चा अपनी मां से नहीं कहता कि मेरा कपड़ा, साबुन तेल रख लो, बल्कि मां स्वयं जानती है और सब सामान उस बच्चे के लिए रखती है। उसी प्रकार भगवान अपने भक्त रूपी संतान के सभी कार्यों को स्वयं ही कर देते हैं। धनुष यज्ञ की सुंदर प्रसंग का अमृत रूपी वाणी से वर्णन करते हुए सभी श्रोताओं का मन गदगद कर दिया। तत्पश्चात श्री सीताराम विवाह की मंगल गीत से पंडाल में सैकड़ों की संख्या में बैठे श्रोतागण झूम उठे और आनंदित हो श्री सीताराम राम जी की जय जयकार किए । इस अवसर पर पूर्व विधायक कसडोल अरुण कुमार मिश्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक रामकुमार मिश्रा, प. आदित्य किरण चतुर्वेदी, श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल के अध्यक्ष साहेब लाल साहू सहित भारी संख्या में कसडोल नगर सहित आस पास एवं दूरदराज से श्रोतागण उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने निकाली मशाल रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार भाटापारा द्वारा जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुऐ लोकतंत्र को विफल करने हेतू कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रिज किए जाने, आर्थिक नोटिस सहित कांग्रेस के खाते से पैसों के आहरण संबधी कृत्यों के विरोध में बलौदाबाजार के गार्डन चौक से बस बजरंग चौक तक रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की विपक्ष को कमजोर करने की एक षडयंत्रपूर्वक कार्यवाही है। मोदी सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है। देश के संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है। लोकतंत्र के लिए इस समय देश के हालात सही नहीं है।पहले कांग्रेस के खातों को फ्रीज करने का कार्य किया। जबकि भाजपा की ओर से करोड़ों रुपए के इलेक्ट्रोरल बॉण्ड के जरिए धन जमा किया गया, उस पर आयकर विभाग ने कोई वसूली नहीं की है। उक्त अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी, शहर अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, परमेश्वर यदु,, गंभीर ठाकुर तुलसी वर्मा, राजा तिवारी, आर्यन शुक्ला, गणेश शंकर साहू, मनीष चंद्राकर, ललिता यदु, डीगेशवरी नामदेव, दीपक साहू, मनोज प्रजापति, धर्मेंद्र वर्मा, अंबू पंजवानी, दिगंबर साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

■ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप

## चिचोली में आज से श्रीमद् भागवत कथा

खरोरा। समीपस्थ ग्राम चिचोली की पावन धरा पर श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। मां शारदा मंदिर निर्माण एवं कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने बताया कि आज स्वयंभू भूतेश्वर धाम से प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकलेगी और कथा स्थल तिल्दा-खरोरा मार्ग से रानी लक्ष्मीबाई चौक के सामने मां शारदे मंदिर निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं शामिल होकर ग्राम के देवी-देवताओं को निमंत्रण देंगी। कथावाचक पंडित अनिकेत शास्त्री जी ब्रजबिहारी सरकार श्री धाम वृंदावन प्रतिदिन अर्जी के माध्यम से दिव्य दरबार लगाकर हाजरी में उपस्थित भक्तों की समस्याओं को बताते हुए उसका समाधान भी बताएंगे। आयोजन में रामेश्वर सिरमौर कोषाध्यक्ष, अवधेश पांडेय सचिव, सीताराम अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल, रूद्रकुमार राय, पंकज विश्वकर्मा, राजीव अग्रवाल, विजय ठाकुर, तोपसिंह चक्रधारी, शिवम वर्मा के विशिष्ट योगदान सहित चिचोली ग्रामवासियों का विशेष सहयोग है।



# बसपा का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवा

शनिवार को जिला मुख्यालय जांजगीर के शारदा मंगलम में बसपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रोहित डहरिया को जिताने, कार्यकर्त्ताओं में जोश भरने व रणनीति तैयार करने के लिए, बहुजन समाज पार्टी लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर चाम्पा के तत्वावधान में लोकसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एन. पी. अहिरवार, मनीष आनंद विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम टंडन, दूजराम बौद्ध, इंदु बंजारे, राधेश्याम सूर्यवंशी, संतोष यादव, उदल किरण आदि शामिल हुए।

मुख्य अतिथि नर्मदा प्रसाद अहिरवार ने बहन कु. मायावती की उपलब्धियों को बताते हुए चुनावी रणनीति पर अपनी बात रखी। वही केंद्रीय कोऑर्डिनेटर मनीष आनंद ने युवाओं में जोश भरा। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने बताया की अन्य राजनितिक दलों द्वारा अवैध रूप चंदा इलेक्ट्रीरल बांड को बताते हुए कहा की बसपा ही एकमात्र ईमानदार पार्टी है। पूर्व विधायक दूजराम बौद्ध ने कहा कि लोकसभा का प्रत्याशी डॉ. रोहित डहरिया को सर्वसहमति से प्रत्याशी बनाया गया है, जिसका हम सब को समर्थन करते हुए जीताना है। पूर्व विधायक इंदु बंजारे ने कहा की हमारे लोकसभा प्रत्याशी लम्बे समय से निष्ठावान कार्यकर्ता रहे है, जिन्होंने जनपद, जिला पंचायत, विधायक आदि चुनाव को जिताने में अहम भूमिका निभाया है। जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र जांजगीर के वरिष्ठ पदाधिकारियों में संतोष देवांगन, जीआर बंजारे, लालसाय खुटे, डीडी बर्तमसी, मनहरण मनहर, मुकेश रात्रे, जीवराज प्रकाशित रात्रे, संजय धारिया, रामकुमार चंद्र, भागवत जायसवाल, नारायण साहू, लक्ष्मी प्रसाद महेश, लखन लाल साहू, ईश्वरी साहू, महेश कश्यप, शत्रुहन नेताम, भोगी पाटले, मोहन सिंह, रामकुमार किरन, रवि रविंद्र, अरुण महिलागे, रामकुमार कुर्रे, फेकूराम बर्मन, जशपाल दर्वेश, दयाराम खुराना समस्त जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष गण, सेक्टर व पोलिंग के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्त्तागण शामिल हुए।

## कुकदा में आज से रामायण समारोह



पलारी। समीपस्थ ग्राम कुकदा में आज से अखंड पांच दिवसीय रामायण समारोह प्रारंभ हो रहा है। जय श्रीराम रामायण समिति एवं ग्रामवासी कुकदा के सहयोग से आयोजित रामायण समारोह के संचालक रामनारायण वर्मा ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पलारी अंचल के समस्त मानस मंडलियों के साथ साथ दूरदराज के मानस मंडलियों को भी इस रामायण समारोह में सम्मिलित होकर श्रीराम महिमा कथा सुनाने आमंत्रित किया गया है। रामायण समारोह में शामिल होने वाले प्रत्येक मानस मंडलियों को समिति द्वारा 501 रुपये व श्रीफल भेंट किया जायेगा। रामायण समारोह का समापन 6 अप्रेल को हवन, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, शोभायात्र एवं दीपदान के साथ होगा। आयोजक समिति द्वारा मानस मंडलियों एवं श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

### आज से अखंड रामायण

पलारी। समीपस्थ ग्राम सिसदेवरी में 1 से 10 अप्रैल तक अखंड रामायण समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह का शुभारंभ मुख्य विष्णुधर दीवान, अध्यक्षता योगेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला सरकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। रामायण समिति के संचालक खेलन प्रसाद चन्द्राकार ने बताया है कि भाग लेने वाले मानस मंडली को 401 रू. श्रद्धा सुमन, राशि एवं श्रीफल से सम्मानित किया जायेगा। मानस मंडली, प्रवचनकर्ता, भजनकर्ता सहित पधारकर भगवान की महिमा गाकर प्रवचन सुनकर समस्त ग्रामवासीयों को कृतार्थ करें।







